सरकूलर नं0 अपमा/2018–2020/49 दिनांक : 22–3–2019

''अपमा होली मंगल मिलन सफलता के साथ सम्पन्न''

प्रिय व्यापारी भाईयो, ''अपमा होली मंगल मिलन'' का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ दिनांक 20–3–2019 को तिकोना पार्क कश्मीरी गेट दिल्ली–110006 में मनाया गया। इस होली मंगल मिलन के कार्यक्रम में 1200 व्यक्तियों के भोजन की व्यवस्था की गई थी लेकिन अपमा सदस्यों का कार्यक्रम के प्रति उत्साह देखने लायक था, मेले में लगभग 1800 व्यक्तियों ने भाग लिया जिसके कारण 600 व्यक्तियों के लिए पुनः भोजन की व्यवस्था की गई और अपमा सदस्यों ने भी अनुशासन बनाये रखा और सहयोग का परिचय दिया, इसके लिए अपमा की समस्त कार्यकारिणी एवं मनोरंजन उपसमिति अपमा के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद करती है।

होली मंगल मिलन कार्यक्रम का आरम्भ अपमा के पूर्व प्रधान श्री ओ.पी. घई जी, श्री चन्द्र ओबराय जी, श्री शंकरलाल अग्रवाल जी, श्री वी.ए. दीवान जी, श्री रामदास कुकरेजा जी, निवर्तमान प्रधान श्री आर.के. गुप्ता जी एवं पूर्व अपमा चुनाव आयुक्त श्री डी.वी. कालरा जी के कर–कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। अपमा क पूर्व प्रधान श्री नरेन्द्र मदान जी ने अपमा सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। अपमा के सभी पूर्व प्रधानों का अपमा कार्यकारिणी एवं मनोरंजन उपसमिति धन्यवाद करती है।

आप सभी सम्माननीय व्यापारी भाईयों के साथ–साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने जिनमें पमुख है :– शाहदरा क्षेत्र के पूर्व पूर्व विधायक एवं अकाली दल के वरिष्ठ उप प्रधान श्री जितेन्द्र सिंह शन्टी जी, चांदनी चौक के निगम पार्षद श्री रवि कप्तान जी, सिविल लाईन के निगम पार्षद श्री जत्थेदार अवतार सिंह जी, पूर्व निगम पार्षद श्री हर्ष शर्मा जी, दिल्ली नगर निगम के इन्सपैक्टर श्री हुक्म चन्द शर्मा जी, दिल्ली के शीर्ष संगठन से चैम्बर ऑफ ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री के संयोजक श्री ब्रिजेश गोयल जी, दिल्ली हिन्दुस्तान मर्कन्टाइल एसोसिएशन के प्रधान श्री अरूण सिंहानिया जी, रंग रसायन व्यापार संघ के प्रधान श्री अजय अरोड़ा जी, ऑटोमोटिव एण्ड जनरल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसियेशन के प्रधान श्री निंरजन पौद्वार जी,

कृ0प0उ0.....2

महासचिव श्री सतबीर सिंह जी सहित अन्य पदाधिकारी, डीएमटी से महासचिव श्री रजिन्दर सिंह चड्ढा जी सहित अन्य पदाधिकारी, रेजिडेन्टस वेलफेयर एसोसियेशन के प्रधान श्री अभिमन्यु अरोड़ा जी, हमारे कश्मीरी गेट क्षेत्र के थानाध्यक्ष श्री देवेन्दर कुमार जी अपने समस्त टीम सदस्यों सहित पधारें तथा आज तक टीवी चैनल से श्री पंकज जैन जी, एनडीटीवी से श्री सौरव शुक्ला जी एवं श्री परिमल जी ने इस कार्यक्रम में आकर न केवल चार–चांद लगाएं वरन् हमारे सभी व्यापारी भाईयों को आपसी भाईचारे एवं प्रेम के प्रतीक इस पर्व पर अपनी–अपनी शुभकामनाएं दी।

अपमा प्रधान सहित समस्त कार्यकारिणी अपमा की मनोरंजन उपसमिति के चेयरमैन श्री हरमिन्दर सिंह गम्भीर जी सहित उनकी समस्त टीम के सदस्यों का एवं अपमा धन संग्रह उपसमिति के चेयरमैन श्री आसिफ अली जी सहित उनकी समस्त टीम के सदस्यों का धन्यवाद करती है, जिनके सहयोग से अपमा होली मंगल मिलन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अपमा कार्यकारिणी विशेषतौर से मनोरंजन उपसमिति के को–चेयरमैन श्री हरमिन्दर पाल जी का धन्यवाद करती है जिन्होंने अपनी मधुर कविताओं द्वारा अपमा सदस्यों का मन मोह लिया। अपमा प्रघान सहित समस्त कार्यकारिणी होली मंगल मिलन में अपने सभी स्पान्सरों (विज्ञापनदाताओं) का आभार धन्यवाद करती है :– जिसमें प्रमुख है – एचडीएफसी बैंक (प्रवेश द्वार), जे.डी इन्टरनेशनल, श्री ऑटोमोबाइल्स, डी.आर.एस. इण्डस्ट्रीज(ऑटो गोल्ड), ऑटो टेक्नोलोजिस्क नेटर्वक, कृष्णा सेल्स कारपोरेशन, सीआई कार इन्टरनेशनल, कृष्टर ओवरसीज, सोनिक ऐसेसरिज, प्राइस ऑटो इण्डस्ट्रीज, राजदीप ट्रेडर्स, टोक्सा सीएनसी ऑटोमोटिव इंजिनिरिंग, महेश मोटर्स, डेक्कन ट्रेडिंग कम्पनी एवं सीएनके बैयरिंग।

होली मिलन के कार्यक्रम के प्रवेश द्वार पर आप सभी व्यापारी भाईयों का चन्दन से टीका किया गया और विशिष्ट अतिथियों का फूलमालाओं एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। होली के इस पावन पर्व को आकर्षक, सुन्दर व मनोरंजक बनाने हेतु दिल्ली के प्रसिद्ध कैटर्स बिट्टू टिक्की वाला (BTW) के लाजबाव स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ आपके मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसका सभो ने भरपूर आनन्द उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लाइफ ग्रुप के संचालक श्री अशोक जी की प्रशंसा करते है जिन्होंने अपने कायक्रम के माध्यम से अपमा सदस्यों का मनोरंजन किया। मैं अपमा प्रधान की तरफ से अपमा के सभी पदाधिकारियों एवं समस्त कार्यकारिणी का धन्यवाद करता हूँ जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ। मैं अपमा स्टॉफ का भी अपमा कार्यकारिणी की तरफ से धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया।

बन्धुओं, आपका प्यार और स्नेह हमें सदैव प्रेरित करता है और आशा है कि आपका सहयोग हमें इसी प्रकार मिलता रहेगा अन्त में एक बार फिर हम आप सबका अपमा प्रधान श्री विष्णु भार्गव जी, अपमा के सभी पदाधिकारियों एवं समस्त कार्यकारिणी की ओर से आभार व्यक्त करते हैं कि आपने अपना बहुमूल्य समय निकालकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

(विनय नारंग)
महासचिव